पृष्ठ : 16 ■ वर्ष : 19 अंक : 193 ■ लखनऊ, रविवार, 2 अगस्त 2026 ■ www.vishw

विश्ववार्ता

# बच्चों ने अधिक से अधिक पौधे लगाने का दिया संदेश



विश्ववार्ता संवाददाता

- नुक्कड़ नाटक व कहानियों से बच्चों को दिए सड़क सुरक्षा व पर्यावरण के टिप्स

**कानपुर।** चंद्रशेखर आजाद कृषि एवं प्रौद्योगिक विश्वविद्यालय के कॉलेज ऑफ कम्युनिटी साइंस के प्रसार शिक्षा एवं संचार प्रबंधन विभाग द्वारा शुक्रवार को विश्वविद्यालय के कैंपस स्कूल में स्कूली बच्चों के लिए जागरूकता कार्यक्रम आयोजित किया गया।

कार्यक्रम का उद्देश्य बच्चों में सामाजिक, व्यक्तिगत एवं पर्यावरणीय विषयों के प्रति जागरूकता विकसित करना था।

इस दौरान बी.एससी. द्वितीय वर्ष के विद्यार्थियों ने नुक्कड़ नाटक एवं प्रेरक कहानियों के माध्यम से बच्चों को सड़क सुरक्षा, गुड टच-बैड टच, प्रदूषण से बचाव, वृक्षारोपण और पर्यावरण संरक्षण का महत्व समझाया। विद्यार्थियों ने सरल और रोचक प्रस्तुतियों के जरिए बच्चों को यातायात नियमों का पालन करने, व्यक्तिगत सुरक्षा के प्रति सजग रहने, स्वच्छता अपनाने और अधिक से अधिक पौधे लगाने का संदेश दिया। बच्चों ने कार्यक्रम में भाग लिया और संदेशों को ध्यानपूर्वक सुना। विभिन्न गतिविधियों में भी उन्होंने बढ़-चढ़कर हिस्सा लिया।

कार्यक्रम प्रसार शिक्षा एवं संचार प्रबंधन विभाग की विभागाध्यक्ष डा. विनिता सिंह* के मार्गदर्शन में आयोजित हुआ। इसका सफल संचालन डा. जया वर्मा* एवं डा. ऐश्वर्या सिंह* के निर्देशन में किया गया।

कार्यक्रम के समापन पर कैंपस स्कूल के प्रधानाचार्य श्री राठौर ने विभाग, शिक्षकों एवं छात्र-छात्राओं का आभार व्यक्त किया। उन्होंने कहा कि इस प्रकार के कार्यक्रम बच्चों के व्यक्तित्व विकास, नैतिक शिक्षा एवं सामाजिक जागरूकता के लिए अत्यंत उपयोगी हैं।

# सीएसए के 10 छात्रों को कैंपस प्लेसमेंट

दि ग्राम टुडे,कानपुर। चन्द्रशेखर आज़ाद कृषि एवं प्रौद्योगिकी विश्वविद्यालय (सीएसए) के 10 छात्रों का कैंपस प्लेसमेंट के तहत एंजिस फॉर्म टेक्नोलॉजी प्रा. लि. में विभिन्न पदों पर चयन हुआ है। यह जानकारी विश्वविद्यालय के सेवायोजन निदेशक डॉ. विजय कुमार यादव ने दी।

उन्होंने बताया कि कंपनी ने स्नातक एवं परास्नातक विद्यार्थियों का ऑनलाइन और व्यक्तिगत साक्षात्कार के माध्यम से मूल्यांकन किया। चयन प्रक्रिया पूरी होने के बाद 10 विद्यार्थियों का चयन किया गया। चयनित छात्रों को आकर्षक वेतन पैकेज के साथ करियर में बेहतर उन्नति के अवसर प्राप्त होंगे। एंजिस फॉर्म टेक्नोलॉजी प्रा. लि. कृषि क्षेत्र की उभरती हुई एग्री–टेक कंपनी है, जो आधुनिक कृषि तकनीक, फसल प्रबंधन, कृषि इनपुट, डिजिटल कृषि समाधान तथा किसानों की उत्पादकता बढ़ाने के लिए नवीन तकनीकों पर कार्य कर रही है।



विश्वविद्यालय के कुलपति प्रो. संजीव गुप्ता ने चयनित विद्यार्थियों को बधाई देते हुए उनके उज्ज्वल भविष्य की शुभकामनाएँ दीं। उन्होंने कहा कि विश्वविद्यालय गुणवत्तापूर्ण शिक्षा के साथ छात्रों को बेहतर रोजगार के अवसर उपलब्ध कराने के लिए निरंतर प्रयासरत है। इस प्लेसमेंट प्रक्रिया को सफल बनाने में श्री मुलायम सिंह, श्रीमती सरिता पाण्डेय एवं सेवायोजन निदेशालय की टीम की महत्वपूर्ण भूमिका रही।

विश्ववार्ता

सच्ची

# सीएसए के 10 छात्रों का एंजिस फॉर्म टेक्नोलॉजी में चयन

**विश्ववार्ता संवाददाता**

**कानपुर।** चंद्रशेखर आजाद कृषि एवं प्रौद्योगिकी विश्वविद्यालय के छात्रों को कैंपस प्लेसमेंट में एक और सफलता मिली है। एंजिस फॉर्म टेक्नोलॉजी प्रा. लि. द्वारा आयोजित प्लेसमेंट ड्राइव में विश्वविद्यालय के 10 छात्रों का विभिन्न पदों के लिए चयन किया गया है।

विश्वविद्यालय के सेवायोजन निदेशक डा. विजय कुमार यादव ने बताया कि कंपनी ने स्नातक एवं परास्नातक के छात्रों का ऑनलाइन एवं व्यक्तिगत साक्षात्कार के माध्यम से मूल्यांकन किया। चयन प्रक्रिया पूरी होने के बाद 10 छात्रों को नौकरी के लिए चुना गया। चयनित छात्रों को आकर्षक वेतन पैकेज के साथ करियर में उन्नति के बेहतर अवसर प्राप्त होंगे।

एंजिस फॉर्म टेक्नोलॉजी कृषि क्षेत्र की एक उभरती हुई एग्री-टेक कंपनी है। कंपनी आधुनिक कृषि तकनीक, फसल प्रबंधन, कृषि इनपुट, डिजिटल कृषि समाधान एवं किसानों की उत्पादकता बढ़ाने के लिए नवीन तकनीकों पर कार्य कर रही है।



- कुलपति ने चयनित छात्रों को दीं उज्ज्वल भविष्य की शुभकामनाएं

विश्वविद्यालय के कुलपति *प्रो. संजीव गुप्ता ने चयनित छात्रों को बधाई देते हुए उनके उज्ज्वल भविष्य की शुभकामनाएं दीं। उन्होंने कहा कि विश्वविद्यालय छात्रों को गुणवत्तापूर्ण शिक्षा के साथ उत्कृष्ट रोजगार के अवसर उपलब्ध कराने के लिए निरंतर प्रयासरत है।

प्लेसमेंट प्रक्रिया को सफल बनाने में श्री मुलायम सिंह, श्रीमती सरिता पाण्डेय एवं सेवायोजन निदेशालय की टीम का विशेष योगदान रहा।

हिंदुस्तान 02/08/2026

# सीएसए के छात्रों ने छात्रों को जागरूक किया

कानपुर। चन्द्रशेखर आज़ाद कृषि एवं प्रौद्योगिक विश्वविद्यालय के कॉलेज ऑफ कम्युनिटी साइंस के प्रसार शिक्षा एवं संचार प्रबंधन विभाग ने विश्वविद्यालय के कैंपस स्कूल में बच्चों के लिए जागरूकता कार्यक्रम का आयोजन किया। इसका उद्देश्य बच्चों में सामाजिक, व्यक्तिगत एवं पर्यावरणीय विषयों के प्रति जागरूकता विकसित करना था। नुक्कड़ नाटक एवं प्रेरक कहानियों के माध्यम से बच्चों को सड़क सुरक्षा, गुड व बैड टच, प्रदूषण से बचाव से अवगत कराया।

# रहस्य संदेश

पृष्ठ : 4 मूल्य: 2.00 रुपये मात्र
एटा कासगंज अलीगढ़ लखनऊ गा
02:07:2026 | वर्ष 20 अंक 193 | RNI-No.


# सीएसए के कैंपस स्कूल में जागरूकता कार्यक्रम का आयोजन



कानपुर  चन्द्रशेखर आज़ाद कृषि एवं प्रौद्योगिक विश्वविद्यालय, कानपुर के कॉलेज ऑफ कम्युनिटी साइंस के प्रसार शिक्षा एवं संचार प्रबंधन विभाग द्वारा विश्वविद्यालय के कैंपस स्कूल में स्कूली बच्चों के लिए एक जागरूकता कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम का उद्देश्य बच्चों में सामाजिक, व्यक्तिगत एवं पर्यावरणीय विषयों के प्रति जागरूकता विकसित करना था।कार्यक्रम के दौरान बी.एससी. द्वितीय वर्ष के विद्यार्थियों ने नुक्कड़ नाटक एवं प्रेरक कहानियों के माध्यम से बच्चों को सड़क सुरक्षा, गुड टच एवं बैड टच, प्रदूषण से बचाव तथा वृक्षारोपण एवं पर्यावरण संरक्षण के महत्व से अवगत कराया। विद्यार्थियों ने सरल एवं रोचक प्रस्तुतियों के माध्यम से बच्चों को यातायात नियमों का पालन करने, अपनी व्यक्तिगत सुरक्षा के प्रति सजग रहने, स्वच्छ वातावरण बनाए रखने तथा अधिक से अधिक पौधे लगाकर पर्यावरण संरक्षण में योगदान देने का संदेश दिया। बच्चों ने कार्यक्रम में उत्साहपूर्वक सहभागिता करते हुए प्रस्तुत संदेशों को ध्यानपूर्वक सुना और विभिन्न गतिविधियों में बढ़-चढ़कर भाग लिया।यह कार्यक्रम प्रसार शिक्षा एवं संचार प्रबंधन विभाग की विभागाध्यक्ष डॉ. विनिता सिंह के कुशल मार्गदर्शन एवं संरक्षण में आयोजित किया गया। कार्यक्रम का सफल संचालन डॉ. जया वर्मा एवं डॉ. ऐश्वर्या सिंह के निर्देशन में किया गया। दोनों शिक्षकों ने विद्यार्थियों का मार्गदर्शन करते हुए जागरूकता गतिविधियों का प्रभावी संचालन कराया।कार्यक्रम के समापन पर कैंपस स्कूल के प्रधानाचार्य श्री राठौर ने विभाग, शिक्षकों एवं छात्र-छात्राओं का आभार व्यक्त करते हुए कहा कि इस प्रकार के कार्यक्रम बच्चों के व्यक्तित्व विकास, नैतिक शिक्षा एवं सामाजिक जागरूकता के लिए अत्यंत उपयोगी हैं।

हिंदुस्तान 02/08/2026

तिवारी,

# सीएसए के 10 यूजी-पीजी छात्रों का प्लेसमेंट

कानपुर। चंद्रशेखर आजाद कृषि एवं प्रौद्योगिकी विश्वविद्यालय (सीएसए) के सेवायोजन के निदेशक डॉ. विजय कुमार यादव ने बताया कि छात्रों के कैंपस प्लेसमेंट ड्राइव के अंतर्गत एंजिस फॉर्म टेक्नोलॉजी ने स्नातक एवं परास्नातक छात्रों का ऑनलाइन एवं व्यक्तिगत साक्षात्कार से मूल्यांकन किया। 10 छात्रों का चयन विभिन्न पदों के लिए किया गया। इन्हें आकर्षक वेतन पैकेज एवं करियर में उन्नति के बेहतर अवसर प्राप्त होंगे। कुलपति प्रो. संजीव गुप्ता ने बधाई दी।

Titel-code: UPHIN-48963
!! श्री शिवाय नमस्तुभ्यम्!!
E-mail:jksingh.hardoi@gmail.com
सत्य का असर
समाचार पत्र
सम्पादक
जितेन्द्र सिंह पटेल
99569834016
ऑफिस 745 उत्तम बिहार बैरी कल्यानपुर कानपुर नगर 208017
पत्रांक.....
दिनाँक....................

## पत्रकार जितेंद्र कुमार सिंह पटेल

# सीएसए के 10 छात्रों का एंजिस फॉर्म टेक्नोलॉजी प्रा.लि.में हुआ चयन





News Banner Maker

**पत्रकार जितेंद्र कुमार सिंह पटेल**

2 अगस्त 2026

चंद्रशेखर आजाद कृषि एवं प्रौद्योगिकी विश्वविद्यालय कानपुर के सेवायोजन के निदेशक डा० विजय कुमार यादव द्वारा अवगत कराया कि विश्वविद्यालय के छात्रों के कैंपस प्लेसमेंट ड्राइव के अंतर्गत एंजिस फॉर्म टेक्नोलॉजी प्रा.लि.द्वारा स्नातक एवं परास्नातक के छात्रों का ऑनलाइन एवं व्यक्तिगत साक्षात्कार के माध्यम से छात्रों का मूल्यांकन किया। चयन प्रक्रिया पूर्ण होने के उपरांत विश्वविद्यालय के 10 छात्रों का चयन विभिन्न पदों के लिए किया गया। चयनित छात्रों को आकर्षक वेतन पैकेज एवं करियर में उन्नति के बेहतर अवसर प्राप्त होंगे। एंजिस फॉर्म टेक्नोलॉजी प्रा.लि.में कृषि क्षेत्र की एक उभरती हुई एग्री-टेक कंपनी है, जो आधुनिक कृषि तकनीक, फसल प्रबंधन, कृषि इनपुट, डिजिटल कृषि समाधान तथा किसानों की उत्पादकता बढ़ाने हेतु नवीन तकनीकों पर कार्य कर रही है। कंपनी का उद्देश्य कृषि क्षेत्र में नवाचार के माध्यम से किसानों एवं कृषि उद्योग को बेहतर सेवाएँ प्रदान करना है।विश्वविद्यालय के माननीय कुलपति प्रो. संजीव गुप्ता ने चयनित छात्रों को हार्दिक बधाई देते हुए उनके उज्ज्वल भविष्य की शुभकामनाएँ दीं। उन्होंने कहा कि विश्वविद्यालय विद्यार्थियों को गुणवत्तापूर्ण शिक्षा के साथ-साथ उत्कृष्ट रोजगार के अवसर उपलब्ध कराने के लिए निरंतर प्रयासरत है।इस संपूर्ण प्लेसमेंट प्रक्रिया को सफलतापूर्वक संपन्न कराने में श्री मुलायम सिंह, श्रीमती सरिता पाण्डेय एवं सेवायोजन निदेशालय की टीम का विशेष योगदान सराहनीय रहा।



आचार्यश्री सन्मतिसागरजी महाराज

04 प्रदेश, 06 संस्करण

# अमर भारती

एक उम्मीद

लखनऊ, वर्षः 15, अंकः 219, पृष्ठः 12, मूल्यः 03 रु. RNI No. UPHIN/2011/46455 www.amarbharti.com रविवार, 02 अगस्त 2026 शक सम्वत् 194


## 10 छात्रों का एंजिस फॉर्म टेक्नोलॉजी प्रा.लि. में चयन


**कानपुर (अमर भारती)।** चंद्रशेखर आजाद कृषि एवं प्रौद्योगिकी विवि के सेवायोजन के निदेशक डा0 विजय कुमार यादव द्वारा अवगत कराया कि विश्वविद्यालय के छात्रों के कैंपस प्लेसमेंट ड्राइव के अंतर्गत एंजिस फॉर्म टेक्नोलॉजी प्रा.लि. ने स्नातक एवं परास्नातक के छात्रों का ऑनलाइन एवं व्यक्तिगत साक्षात्कार के माध्यम से छात्रों का मूल्यांकन किया। चयन प्रक्रिया पूर्ण होने के उपरांत विश्वविद्यालय के 10 छात्रों का चयन विभिन्न पदों के लिए किया गया। चयनित छात्रों को आकर्षक वेतन पैकेज एवं करियर में उन्नति के बेहतर अवसर प्राप्त होंगे। एंजिस फॉर्म टेक्नोलॉजी प्रा.लि.में कृषि क्षेत्र की एक उभरती हुई एग्री-टेक कंपनी है, जो आधुनिक कृषि तकनीक, फसल प्रबंधन, कृषि इनपुट, डिजिटल कृषि समाधान तथा किसानों की उत्पादकता बढ़ाने हेतु नवीन तकनीकों पर कार्य कर रही है। कंपनी का उद्देश्य कृषि क्षेत्र में नवाचार के माध्यम से किसानों एवं कृषि उद्योग को बेहतर सेवाएँ प्रदान करना है।विश्वविद्यालय के माननीय कुलपति प्रो. संजीव गुप्ता ने चयनित छात्रों को हार्दिक बधाई देते हुए उनके उज्ज्वल भविष्य की शुभकामनाएँ दीं। उन्होंने कहा कि विवि विद्यार्थियों को गुणवत्तापूर्ण शिक्षा के साथ-साथ उत्कृष्ट रोजगार के अवसर उपलब्ध कराने के लिए निरंतर प्रयासरत है।इस संपूर्ण प्लेसमेंट प्रक्रिया को सफलतापूर्वक संपन्न कराने में मुलायम सिंह, सरिता पाण्डेय एवं सेवायोजन निदेशालय की टीम का विशेष योगदान सराहनीय रहा।

कानपुर व लखनऊ से एक साथ प्रकाशित वर्ष : 18 अंक : 35 कानपुर, रविवार 02 अगस्त 2026 नगर संस्करण पृष्ठ 12 मूल्य : 2.00 रुपए

राष्ट्रीय स्वरूप

# 10 छात्रों का एंजिस फॉर्म टेक्नोलॉजी प्रा.लि. में चयन

कानपुर। चंद्रशेखर आजाद कृषि एवं प्रौद्योगिकी विवि के सेवायोजन के निदेशक डा0 विजय कुमार यादव द्वारा अवगत कराया कि विश्वविद्यालय के छात्रों के कैंपस प्लेसमेंट



ड्राइव के अंतर्गत एंजिस फॉर्म टेक्नोलॉजी प्रा.लि. ने स्नातक एवं परास्नातक के छात्रों का ऑनलाइन एवं व्यक्तिगत साक्षात्कार के माध्यम से छात्रों का मूल्यांकन किया। चयन प्रक्रिया पूर्ण होने के उपरांत विश्वविद्यालय के 10 छात्रों का चयन विभिन्न पदों के लिए किया गया। चयनित छात्रों को आकर्षक वेतन पैकेज एवं करियर में उन्नति के बेहतर अवसर प्राप्त होंगे। एंजिस फॉर्म टेक्नोलॉजी प्रा.लि.में कृषि क्षेत्र की एक उभरती हुई एग्री-टेक कंपनी है, जो आधुनिक कृषि तकनीक, फसल प्रबंधन, कृषि इनपुट, डिजिटल कृषि समाधान तथा किसानों की उत्पादकता बढ़ाने हेतु नवीन तकनीकों पर कार्य कर रही है। कंपनी का उद्देश्य कृषि क्षेत्र में नवाचार के माध्यम से किसानों एवं कृषि उद्योग को बेहतर सेवाएँ प्रदान करना है।विश्वविद्यालय के माननीय कुलपति प्रो. संजीव गुप्ता ने चयनित छात्रों को हार्दिक बधाई देते हुए उनके उज्ज्वल भविष्य की शुभकामनाएँ दीं। उन्होंने कहा कि विवि विद्यार्थियों को गुणवत्तापूर्ण शिक्षा के साथ-साथ उत्कृष्ट रोजगार के अवसर उपलब्ध कराने के लिए निरंतर प्रयासरत है।इस संपूर्ण प्लेसमेंट प्रक्रिया को सफलतापूर्वक संपन्न कराने में मुलायम सिंह, सरिता पाण्डेय एवं सेवायोजन निदेशालय की टीम का विशेष योगदान सराहनीय रहा।

रहस्य संदेश

पृष्ठ : 4 मूल्य: 2.00 रुपये मात्र एटा कासगंज अलीगढ़ लखनऊ गा

02:07:2026 | वर्ष 20 अंक 193 | RNI-No.

# सीएसए के 10 छात्रों का एंजिस फॉर्म टेक्नोलॉजी प्रा.लि.में हुआ चयन





कानपुर ( रहस्य संदेश,अनवर अशरफ )चंद्रशेखर आजाद कृषि एवं प्रौद्योगिकी विश्वविद्यालय कानपुर के सेवायोजन के निदेशक डा० विजय कुमार यादव द्वारा अवगत कराया कि विश्वविद्यालय के छात्रों के कैंपस प्लेसमेंट ड्राइव के अंतर्गत एंजिस फॉर्म टेक्नोलॉजी प्रा.लि.द्वारा स्नातक एवं परास्नातक के छात्रों का ऑनलाइन एवं व्यक्तिगत साक्षात्कार के माध्यम से छात्रों का मूल्यांकन किया। चयन प्रक्रिया पूर्ण होने के उपरांत विश्वविद्यालय के 10 छात्रों का चयन विभिन्न पदों के लिए किया गया। चयनित छात्रों को आकर्षक वेतन पैकेज एवं करियर में उन्नति के बेहतर अवसर प्राप्त होंगे। एंजिस फॉर्म टेक्नोलॉजी प्रा.लि.में कृषि क्षेत्र की एक उभरती हुई एग्री-टेक कंपनी है, जो आधुनिक कृषि तकनीक, फसल प्रबंधन, कृषि इनपुट, डिजिटल कृषि समाधान तथा किसानों की उत्पादकता बढ़ाने हेतु नवीन तकनीकों पर कार्य कर रही है। कंपनी का उद्देश्य कृषि क्षेत्र में नवाचार के माध्यम से किसानों एवं कृषि उद्योग को बेहतर सेवाएँ प्रदान करना है।विश्वविद्यालय के माननीय कुलपति प्रो. संजीव गुप्ता ने चयनित छात्रों को हार्दिक बधाई देते हुए उनके उज्ज्वल भविष्य की शुभकामनाएँ दीं। उन्होंने कहा कि विश्वविद्यालय विद्यार्थियों को गुणवत्तापूर्ण शिक्षा के साथ-साथ उत्कृष्ट रोजगार के अवसर उपलब्ध कराने के लिए निरंतर प्रयासरत है।इस संपूर्ण प्लेसमेंट प्रक्रिया को सफलतापूर्वक संपन्न कराने में श्री मुलायम सिंह, श्रीमती सरिता पाण्डेय एवं सेवायोजन निदेशालय की टीम का विशेष योगदान सराहनीय रहा।